राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

सत्यमेव जयते

संचिका संख्या– प0नि0 30–63/2026..3184

प्रेषक,

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी,
राज्य सूचना केन्द्र,
बिहार, पटना।

दिनांकः–03.08.2026

विषयः– जी.आई.एस. मैप पर त्रुटियों के निराकरण से संबंधित आहूत बैठक में भाग लेने के संबंध में।

प्रसंगः– आयोग के पत्रांक–3119, दिनांक–28.07.2026 एवं पत्रांक–3159, दिनांक–01.08.2026

महाशय,

उर्पयुक्त विषयक पंचायती राज विभाग के अधिसूचना संख्या–10745, दिनांक–20.07.2026 द्वारा वर्ष 2011 की जनसंख्या के आधार पर नये सिरे से ग्राम पंचायतों का परिसीमन कराये जाने हेतु प्रपत्र–1 की जनसंख्या के आधार पर एन.आई.सी. द्वारा तैयार किये गए जी.आई.एस. मैप में कतिपय त्रुटियों को चिन्हित् करते हुए तत्संबंधी डाटा मेल के माध्यम से प्रेषित की गई है। उक्त क्रम में एन.आई.सी. द्वारा दिनांक–30.07.2026 तक त्रुटियों का निराकरण कर लिये जाने के संबंध में आश्वासन दिया गया था परन्तु अब तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है जिसके कारण पंचायतों के परिसीमन संबंधी कार्यों में बिलंब हो रहा है।

उक्त के संदर्भ में त्रुटि निराकरण के निमित **दिनांक–05.08.2026 को अपराहन् 12.30 बजे** से बैठक आहूत की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है क्योंकि आपके अधीनस्थ द्वारा ससमय कार्यो का निष्पादन नहीं किया जा रहा है यथा राजस्व ग्राम, थाना संख्या एक होने के वाबजूद अलग–अलग ग्राम दिखाया जा रहा है इस प्रकार मैप बनाने में भी गंभीरता दिखाई नहीं देती है। सरकार द्वारा दिये गए निर्देशों के अनुपालन में आपका सहयोग अनिवार्य है।

निदेशानुसार अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को अपने अधीनस्थों के साथ स्वयं भी ससमय बैठक में भाग लेने की कृपा करें।

विश्वासभाजन

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त

सं.सं.–30–63/2026..3184

दिनांक–03/08/2026

प्रतिलिपि– एस.ई.आर./पी.एम.सी./सी–डैक, पटना/आई.टी मैनेजर राज्य निर्वाचन आयोग को सूचनार्थ उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाए।

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।